मेवाड़ जगत
डिजिटल ई-पेपर

अर्थ डायग्नोस्टिक्स
Meaningful, Authentic & Dedicated
डबल क्वालिटी सर्टिफाइड
NABL & NABH
प्रमाणित
4-सी, एपेक्स चेम्बर, भारतीय लोक कला मंडल के पीछे, मधुबन, उदयपुर
Call: 70733 08880 / 70738 18880
अर्थ डायग्नोस्टिक्स
Meaningful, Authentic & Dedicated

उदयपुर, गुरुवार, 11 जून 2026 वर्ष - 4 अंक : 24 

# कांग्रेस में अंदरखाने चल रही जंग, जल्द होगा विस्फोट - जोशी

**मेवाड़ जगत**

**उदयपुर।** भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष और सांसद सीपी जोशी ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और सचिन पायलट के बीच चल रही जुबानी जंग पर कहा कि कांग्रेस के अंदरखाने में बहुत बड़ी जंग चल रही है, जिसे आप सब लोग अभी देख ही रहे हैं। आने वाले समय में कांग्रेस में बहुत बड़ी टूट होने वाली है। यह तो अभी बहुत छोटा है, आने वाले दिनों में इससे भी बहुत बड़ा विस्फोट होगा। भाजपा के




पूर्व प्रदेशाध्यक्ष और चित्तौड़ सांसद सीपी जोशी गुरुवार को पत्रकारों को सम्बोधित कर रहे थे। वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल पर बात करते हुए सरकार की ओर से करवाए गए विकास कार्यों और उपलब्धियों को गिना रहे थे। इस दौरान उन्होंने पूर्व मख्यमंत्री अशोक गहलोत और सचिन पायलट के बीच चल उठापटक के बारे में पूछने पर जोशी ने कहा कि चूंकि यह कांग्रेस का अंदरूनी मामला है, इसलिए मुझे इस पर बोलने का कोई अधिकार नहीं है। लेकिन कांग्रेस में कहीं न कहीं अंदरूनी तौर पर बहुत बड़ा घमासान चल रहा है। उन्होंने पुराने वाकये को याद करते हुए कहा कि माना कि उस समय मानेसर में सचिन पायलट गए थे, लेकिन अशोक गहलोत ने भी उनके अपमान में निक मा, नकारा जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया था। जिस प्रकार की बातें उस समय की गईं, उसे देखकर साफ है कि आने वाले समय में कांग्रेस में एक बड़ी टूट होने वाली है। इसी दौरान जोशी ने उदयपुर में जबरन धर्मांतरण के मामले पर भी अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि करीब 12 साल पहले ऐसी स्थितियां कई लोगों के सामने आती होंगी। लेकिन आज देश-प्रदेश में कानून बनने और कई प्रकार की पाबंदियां लगने के बाद ऐसे मामलों में नहीं के बराबर कमी आई है। अगर कहीं आज भी ऐसे मामले सामने आते हैं तो उस पर निश्चित रूप से शासन और प्रशासन मिलकर कठोर कार्रवाई करेगा। वहीं आरएलपी सुप्रीमो हनुमान बेनीवाल द्वारा राजस्थान के मंत्रियों को भ्रष्ट बताए जाने के बयान पर सांसद जोशी हंस पड़े। उन्होंने मुस्कुराते हुए तंज कसा और कहा कि मुझे लगता है वो कब, किसके लिए क्या कहेंगे, यह बात मेरे से ज्यादा आप लोग यानी मीडिया वाले समझते हैं। इस दौरान भाजपा देहात जिलाध्यक्ष पुष्कर तेली, शहर जिलाध्यक्ष गजपाल सिंह राठौड़, सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक प्रमोद सामर, पूर्व जिलाध्यक्ष चन्द्रगुप्त सिंह चौहान, भंवर सिंह पंवार सहित कई वरिष्ठ भाजपा नेता भी मौजूद रहे।

## एक्ट्रेस कंगना रनौत के साथ फिल्म देखेंगे सीएम शर्मा



**जयपुर।** बॉलीवुड एक्ट्रेस, सांसद और राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता कलाकार कंगना रनौत शुक्रवार को जयपुर में रहेंगी। वे अपनी चर्चित फिल्म भारत **भाग्य विधाता** की विशेष स्क्रीनिंग में शामिल होने के लिए जयपुर पहुंच रही हैं। जयपुर के ईपी मिराज सिनेमा में शाम 6 बजे आयोजित होने वाले इस विशेष शो में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी फिल्म देखेंगे। कार्यक्रम में राज्य सरकार के कई कैबिनेट मंत्री, जनप्रतिनिधि, उद्योग जगत से जुड़े लोग और गणमान्य नागरिक भी मौजूद रहेंगे। जानकारी के अनुसार कंगना रनौत गुरुवार को जोधपुर में हैं। वह यहां फिल्म के विशेष प्रीमियर में शामिल होंगी। इसके बाद वह शुक्रवार सुबह जयपुर पहुंचेंगी। यहां वह रामबाग पैलेस होटल में रुकेंगीए जिसके बाद वे शाम को स्पेशल स्क्रीनिंग कार्यक्रम में हिस्सा लेंगी।

## पूनिया, अलका और नीरज निर्विरोध चुने गए राज्यसभा सदस्य

**जयपुर।** राजस्थान में राज्यसभा चुनाव को लेकर सतीश पूनिया, अलका गुर्जर और नीरज डांगी को निर्विरोध निर्वाचित कर लिया गया है। राजस्थान में राज्यसभा सदस्य के तीन सीटों पर चुनाव होने थे। इसके लिए मतदान 18 जून को होने वाला है। लेकिन राजस्थान में तीन सीटों पर बीजेपी कांग्रेस के तीन उम्मीदवारों ने ही पर्चा दाखिल किया था। जिसके बाद यहां चुनाव कराने की किसी तरह की जरूरत नहीं है। संख्या बल के मुताबिक, सभी तीनों उम्मीदवारों के पास वोट हैं ऐसे में चुनाव कराने की जरूरत नहीं है। ऐसे में उन्हें



निर्विरोध राज्यसभा सदस्य के रूप में निर्वाचित कर लिया गया है।

### तीनों उम्मीदवार को सौंपा गया प्रमाण पत्र

राजस्थान में बीजेपी ने दो सीटों पर सतिश पूनिया और अलका गुर्जर को उम्मीदवार बनाया था। वहीं कांग्रेस ने एक सीट पर नीरज डांगी को दोबारा उम्मीदवार बनाया था। अब इन तीनों को निर्वाचित कर लिया गया है और प्रमाण पत्र सौंप दिया गया है।

### राज्यसभा चुनाव के लिए विधानसभा सीट की गणित

राजस्थान में 200 विधानसभा सीट है। ऐसे में राज्यसभा चुनाव के लिए एक उम्मीदवार के लिए जादुई आंकड़ा 51 वोट है। प्रदेश में बीजेपी के पास 118 सीट है जबकि कांग्रेस के पास 66 सीट हैं। जबकि अन्य पार्टियों के 16 सीट हैं। ऐसे में राज्यसभा चुनाव के लिए बीजेपी के पास दो सीट के लिए और कांग्रेस 1 सीट के लिए आंकड़ा है। राज्यसभा निर्वाचन के रिटर्निंग ऑफिसर भारत भूषण शर्मा ने भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी डॉ. अलका सिंह, इण्डियन नेशनल कांग्रेस के प्रत्याशी नीरज डांगी और भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी डॉ. सतीश पूनिया को गुरुवार को यहां विधान सभा में निर्वाचित घोषित किया।

# 194 डिग्रियों के बाद भी नहीं थमा डॉ. अरविंदर सिंह का जुनून

## एआई में 99 प्रतिशत अंक के साथ हासिल की विशिष्ट योग्यता



**मेवाड़ जगत**

**उदयपुर।** जब सीखने का जुनून हो तो उम्र, परिस्थितियां और चुनौतियां भी रास्ता नहीं रोक पातीं। इसका जीवंत उदाहरण हैं अर्थ ग्रुप के सीईओ एवं निदेशक तथा डिसेबिलिटी राइट्स एक्टिविस्ट डॉ. अरविंदर सिंह, जिन्होंने एक बार फिर शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए देश के प्रतिष्ठित संस्थान इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस हैदराबाद से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) विषय में 99 प्रतिशत अंकों के साथ डिस्टिंक्शन प्राप्त की है। डॉ. सिंह पहले से ही अकादमिक उत्कृष्टता के क्षेत्र में विश्व रिकॉर्ड धारक हैं। उनके नाम वर्तमान में 194 डिग्री, डिप्लोमा और सर्टिफिकेट दर्ज हैं। वे पोस्ट ग्रेजुएट मेडिकल डॉक्टर होने के साथ-साथ क्लिनिकल पैथोलॉजी, कॉस्मेटिक डर्मेटोलॉजी, मेडिकल लॉ, बिजनेस मैनेजमेंट, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और कम्युनिकेशन स्किल्स जैसे विविध विषयों में विशेषज्ञता रखते हैं। उदयपुर में अर्थ डायग्नोस्टिक्स एवं अर्थ स्किन के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर रहे डॉ. सिंह का मानना है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस भविष्य की स्वास्थ्य सेवाओं को नई दिशा देने वाला है। उनका कहना है कि एआई तकनीक के माध्यम से डायग्नोस्टिक रिपोर्टिंग, मरीज प्रबंधन, डेटा विश्लेषण, गुणवत्ता नियंत्रण और सेवा दक्षता को और अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है।

इससे पूर्व भी डॉ. सिंह आईआईटी कानपुर, गूगल, पर्ड्यू यूनिवर्सिटी (अमेरिका), हार्वर्ड, ऑक्सफोर्ड सहित कई प्रतिष्ठित राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय संस्थानों से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, जनरेटिव एआई, प्रॉम्प्ट इंजीनियरिंग और कम्युनिकेशन स्किल्स से जुड़े उन्नत प्रमाणपत्र प्राप्त कर चुके हैं।

डॉ. अरविंदर सिंह का मानना है कि बदलते दौर में निरंतर सीखना ही सफलता की सबसे बड़ी कुंजी है। उनका यह सफर न केवल युवाओं बल्कि हर आयु वर्ग के लोगों के लिए प्रेरणास्रोत है। वे शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और दिव्यांगजन अधिकारों के क्षेत्र में लगातार सि य रहते हुए समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास कर रहे हैं। उनकी यह उपलब्धि इस बात का प्रमाण है कि सीखने की कोई उम्र नहीं होती और यदि संकल्प मजबूत हो तो नई ऊंचाइयों तक पहुंचना हमेशा संभव है।

# विधायक उदयलाल डांगी ने सुनी समस्याएं, दिए समाधान के निर्देश



**मेवाड़ जगत**

**भटेवर।** वल्लभनगर विधायक उदयलाल डांगी ने अपने डबोक स्थित निवास पर विशेष जनसुनवाई कार्यक्रम रखा। इस दौरान विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों, ढाणियों और कस्बों से बड़ी संख्या में पहुंचे आमजन ने विधायक डांगी को अपनी स्थानीय व व्यक्तिगत समस्याओं से अवगत कराया। जनसुनवाई के दौरान मुख्य रूप से क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति की अनियमितता, भीषण गर्मी के मद्देनजर पेयजल किल्लत, सड़कों की मरम्मत एवं विभिन्न विभागों में अटके हुए विकास कार्यों से संबंधित शिकायतें प्रमुखता से सामने आईं। विधायक ने क्षेत्रवासियों की एक-एक बात को पूरी संवेदनशीलता और ध्यानपूर्वक सुना। आमजन से प्राप्त शिकायतों को लेकर मौके ही उपस्थित प्रतिनिधियों के साथ विचार.विमर्श करके समाधान कराया। जनहित से जुड़े अन्य मामलों व समस्याओं के शीघ्र व प्रभावी समाधान के लिए विधायक डांगी ने तत्काल संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि आमजन को समय पर राहत पहुंचाना हमारी सरकार एवं जनप्रतिनिधि के रूप में मेरी पहली प्राथमिकता है। विधायक डांगी ने निर्देश दिए कि बिजली-पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी शिकायतों पर बिना किसी देरी के प्राथमिकता के आधार पर त्वरित कार्रवाई की जाएं।

## प्रश्नोत्तरी

**Q1.** हाल ही में जून 2026 के पहले सप्तह में जारी की गई 'क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2027' में भारत के किस संस्थान ने देश भर में शीर्ष स्थान प्राप्त किया है?

[A] आईआईटी बॉम्बे [B] आईआईटी दिल्ली [C] भारतीय विज्ञान संस्थान [D] आईआईटी मद्रास

**Q2.** राजस्थान नवीकरणीय ऊर्जा निगम द्वारा राज्य को ग्रीन एनर्जी हब बनाने के उद्देश्य से जून 2026 में किस जिले में 2000 मेगावाट क्षमता के नए 'हाईब्रिड सोलर-विंड पार्क' की स्थापना को मंजूरी दी गई है?

[A] फलौदी [B] जैसलमेर [C] बीकानेर [D] बालोतरा

**Q3.** राजस्थान बजट और आर्थिक समीक्षा के अनुसार, राज्य में 'मुख्यमंत्री राजश्री योजना' तहत बेटियों के जन्म से लेकर उनकी 12वीं कक्षा पास करने तक कुल कितने चरणों में ₹50,000 की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की जाती है?

[A] 4 चरणों में [B] 5 चरणों में [C] 6 चरणों में [D] 7 चरणों में

**Q4.** राजस्थान की 'मृदा/मिट्टी की समस्याओ' के संदर्भ में, लवणीय और क्षारीय मिट्टी की समस्या से मुक्ति पाने तथा भूमि की उत्पादकता बढ़ाने के लिए खेतों में मुख्य रूप से किसका उपयोग किया जाता है?

[A] रॉक फॉस्फेट [B] जिप्सम [C] यूरिया और पोटाश [D] चूना पत्थर

**Q5.** 19वीं सदी के अंत में ब्रिटिश आर्थिक नीतियों के विरोध में गोविंद गिरी द्वारा भील और गरासिया समुदायों में सामाजिक व धार्मिक सुधारों के लिए वर्ष 1883 में 'सम्य सभा' की स्थापना कहाँ की गई थी?

[A] मानगढ़ पहाड़ी [B] सिरोही [C] ईडर [D] मातृकुंडिया

प्रश्नों के उत्तर भेजे 9079051521 पर जो भी प्रतिभागी और पाठक नियमित प्रश्न के उत्तरों के जवाब देंगे उन्हें आकर्षक गिफ्ट दिया जाएगा
कल के अंक के उत्तर - 1 (A) 2 (B) 3 (B) 4 (B) 5 (A)

Dr. ANUSHKA GROUP OF INSTITUTES

# शादी कराने आए मेवाड़, वादियों के ऐसे हुए मुरीद सौंप गए 10,151 अमलतास के बीज



**मेवाड़ जगत**

**उदयपुर।** कहते हैं मेवाड़ की वादियों में एक बार जो आ जाएं, वह यहां की प्राकृतिक सुंदरता का कायल हुए बिना नहीं रह सकता। गाजियाबाद उत्तर प्रदेश के समाजसेवी, शिक्षाविद और पर्यावरण प्रेमी श्रीराम खिलाड़ी यादव के साथ ऐसा ही कुछ हुआ। वे अपने पुत्र हिमांशु का विवाह कराने उदयपुर आए थे, लेकिन यहां की अरावली पर्वतमालाओं, हरियाली और अमरक महादेव मंदिर परिसर की रमणीयता ने उनके मन पर ऐसी छाप छोड़ी कि उन्होंने पर्यावरण संरक्षण का अनूठा संकल्प ले लिया।

अमरख जी महादेव मंदिर परिसर में वैदिक रीति-रिवाजों से संपन्न हुए विवाह समारोह के दौरान ही श्रीराम यादव ने अरावली क्षेत्र को और अधिक हरा-भरा बनाने का निर्णय लिया। इसी संकल्प को साकार करने के लिए उन्होंने 10,151 अमलतास के बीज श्रीमेवाड़ सगसजी लोकसेवा संस्थान के अध्यक्ष कुंवरविजय सिंह कच्छवाहा को सौंपे। कच्छवाहा ने बताया कि इन बीजों को मातृकृपा सेवा संस्थान एवं मेवाड़ शक्ति कल्याण ट्रस्ट के सहयोग से अंकुरित कर पौधे तैयार किए जाएंगे। आगामी वर्षा ऋतु में विभिन्न सामाजिक संगठनों की भागीदारी से अमरक महादेव परिसर और अरावली क्षेत्र में इनका पौधरोपण किया जाएगा। इस अवसर पर समाजसेवी ओमप्रकाश सिंह राजपूत, रामनाथ सिंह चौहान, प्रमोद वर्मा, बसंती वैष्णव सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। सभी ने श्रीराम खिलाड़ी यादव की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि मेवाड़ की प्रकृति के प्रति उनका प्रेम प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि सैकड़ों किलोमीटर दूर गाजियाबाद में रहने वाला व्यक्ति यदि उदयपुर के जंगलों और पहाड़ियों के संरक्षण के लिए इतना समर्पण दिखा सकता है, तो यह मेवाड़वासियों के लिए भी गर्व और प्रेरणा का विषय है।

# मेंवाड़ में जागरूकता और समय पर इलाज से टीबी पर जीत

## आदिवासी इलाकों में बदली तस्वीर, इलाज और पोषण से मरीजों की बढ़ी रिकवरी

**मेवाड़ जगत**

**उदयपुर।** उदयपुर संभाग के आदिवासी और ग्रामीण इलाकों में कभी डर और जागरूकता की कमी के कारण तेजी से फैलने वाली टीबी बीमारी के खिलाफ अब बड़ी लड़ाई जीत की ओर बढ़ती दिखाई दे रही है। स्वास्थ्य विभाग की लगातार मुहिम, गांव-गांव पहुंच रही चिकित्सा सेवाओं और लोगों में बढ़ती जागरूकता ने हालात बदल दिए हैं। अब मरीज बीमारी छिपाने के बजाय समय पर जांच और इलाज के लिए खुद आगे आने लगे हैं। यही कारण है कि जनजातीय क्षेत्रों में भी टीबी मरीजों की रिकवरी दर लगातार बेहतर हो रही है। टीबी एवं चेस्ट अस्पताल के अनुसार अस्पताल में आने वाले करीब 55 प्रतिशत मरीज आदिवासी और ग्रामीण इलाकों से हैं। इनमें मुख्य रूप से कोटड़ा, झाड़ोल, सलूंबर, गोगुंदा और खेरवाड़ा क्षेत्र शामिल हैं। स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने इन इलाकों में स्क्रीनिंग, जांच और दवा वितरण अभियान को तेज किया है। पहले जहां लोग टीबी को सामाजिक डर और जानकारी के अभाव में छिपाकर रखते थे, वहीं अब लगातार जागरूकता अभियानों के चलते लोग शुरुआती लक्षण दिखाई देने पर तुरंत जांच करवा रहे हैं।




टीबी अब पूरी तरह उपचार योग्य बीमारी है। जरूरी यह है कि लोग लक्षण दिखाई देने पर जांच में देरी न करें और चिकित्सकीय सलाह के अनुसार दवा का पूरा कोर्स लें। अधूरा इलाज न केवल मरीज के लिए खतरा बढ़ाता है, बल्कि संक्रमण फैलने की आशंका भी बढ़ा देता है। जागरूकता, समय पर पहचान और नियमित उपचार ही टीबी मुक्त समाज की सबसे मजबूत नींव हैं।

**- डॉ. मनोज आर्य,**
**अधीक्षक टीबी एवं चेस्ट अस्पताल**

### जनभागीदारी से मजबूत हो रही मुहिम

टीबी मुक्त भारत अभियान में अब पंचायतें, स्थानीय संस्थाएं और सामाजिक संगठन भी सक्रिय सहयोग कर रहे हैं। कई गांवों में स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर जागरूकता रैलियां और जांच शिविर लगाए जा रहे हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि जनभागीदारी बढ़ने से संक्रमण रोकने में मदद मिल रही है और मरीजों में इलाज को लेकर विश्वास भी मजबूत हुआ है। कुल टीबी मरीजों में 55 प्रतिशत मरीज ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों से प्रमुख क्षेत्र कोटड़ा, झाड़ोल, सलूंबर, गोगुंदा और खेरवाड़ा है।

### समय पर इलाज से बढ़ी रिकवरी

विशेषज्ञों के अनुसार पहले ग्रामीण क्षेत्रों के मरीज देर से अस्पताल पहुंचते थे, जिससे बीमारी गंभीर रूप ले लेती थी। लेकिन अब समय पर जांच और उपचार शुरू होने से मरीज तेजी से स्वस्थ हो रहे हैं। राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत मरीजों को मुफ्त जांचए दवाइयां और नियमित मॉनिटरिंग की सुविधा दी जा रही है। स्वास्थ्य कार्यकर्ता घर-घर जाकर मरीजों को दवाइयां नियमित लेने और इलाज पूरा करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

### पोषण सहायता से मिल रहा सहारा

टीबी मरीजों के लिए सरकार की ओर से पोषण सहायता योजना भी संचालित की जा रही है। इसके तहत मरीजों को पौष्टिक आहार के लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाई जाती है। स्वास्थ्य अधिकारियों का कहना है कि अब जनजातीय क्षेत्रों में लोग इलाज के साथ-साथ पोषण पर भी विशेष ध्यान देने लगे हैं। इससे मरीजों की रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत हो रही है और संक्रमण से उबरने में मदद मिल रही है।

### महिलाओं और युवाओं में बढ़ी जागरूकता

ग्रामीण इलाकों में महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं और आशा सहयोगिनियों की सक्रिय भूमिका से महिलाओं में भी जागरूकता बढ़ी है। पहले महिलाएं बीमारी को छिपाकर रखती थीं, लेकिन अब वे स्वयं जांच और इलाज के लिए आगे आ रही हैं। स्कूलों, पंचायतों और गांवों में आयोजित जागरूकता शिविरों ने युवाओं में भी टीबी को लेकर समझ विकसित की है। अब लोग लगातार खांसी, वजन घटना और कमजोरी जैसे लक्षणों को नजरअंदाज नहीं कर रहे।

## शुक्रवार को शहर के कई इलाकों में तीन घंटे बिजली बंद रहेगी

**मेवाड़ जगत**

**उदयपुर।** विद्युत लाइनों के आवश्यक रखरखाव एवं तकनीकी कार्यों के चलते 12 जून शुक्रवार को उदयपुर शहर के कई क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी। बिजली निगम द्वारा जारी सूचना के अनुसार सुबह 9.30 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। रखरखाव कार्य के दौरान बोहरा गणेश, राजश्री कॉलोनी, विनायक नगर, सेंट टेरेसा, जय श्री कॉलोनी, वृंदावन नगर, धूलकोट, गोकुलपुरा, महासतिया, ठोकर एवं पांडेय जी की बाड़ी, गंगूकुंड, आयड़, सोनीजी की बाड़ी, यूनिवर्सिटी रोड, हनुमान चौक, गणेश नगर, पहाड़ा, बेकनी पुलिया, हीरा बाग कॉलोनी, 100 फीट रोड एवं नंद भवन, वरजू विला, आनंद नगर, लोहार कॉलोनी, सुंदरवास, गांधीनगर, अरावली कॉम्प्लेक्स, वृंदा विहार, आरटीओ क्षेत्र, रघुनाथपुरा, मनीष विहार, श्याम विहार, लाल विहार, विक्रमादित्य चौराहा, हंसा विहार, हरीश्याम विहार, सागर कॉम्प्लेक्स, कालका माता रोड, पंजाबी बाग, नाकोड़ा नगर एवं आदर्श नगर क्षेत्र भी प्रभावित रहेंगे। इसके साथ ही शिव कॉलोनी, न्यू केशव नगर, कुशल बाग, रूपसागर रोड, सागर कॉलोनी, शुभ ल भ, शुभ लक्ष्मी एवं यूनिवर्सिटी कैंपस में भी सुबह 9.30 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक बिजली आपूर्ति बंद रहेगी।

## लेकसिटी की होटलों में फायर सेफ्टी को लेकर प्रशासन सख्त, सुरक्षा मानकों की अनदेखी पर होगी कार्रवाई

**मेवाड़ जगत**

**उदयपुर।** दिल्ली में हाल ही में हुई अग्नि दुर्घटना के बाद अग्नि सुरक्षा को लेकर प्रशासन सतर्क हो गया है। विभागीय निर्देशों के तहत मुख्य अग्निशमन अधिकारी बाबूलाल चौधरी ने शहर के प्रमुख होटल संगठनों की संयुक्त बैठक लेकर होटल संचालकों को फायर सेफ्टी संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में होटल एसोसिएशन उदयपुर, यूनाइटेड होटेलियर सोसायटी, होटल संस्थान दक्षिणी राजस्थान एवं होटल फेडरेशन ऑफ राज-स्थान, उदयपुर डिवीजन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।



संस्थान के सचिव राकेश चौधरी ने बताया कि बैठक में मुख्य अग्निशमन अधिकारी ने सभी होटल संचालकों से अपने प्रतिष्ठानों में अग्निशमन यंत्र, फायर अलार्म सिस्टम, आपातकालीन निकास मार्ग एवं अन्य सुरक्षा व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन होटलों ने अभी तक फायर एनओसी प्राप्त नहीं की है, वे शीघ्र आवश्यक प्रक्रिया पूरी करें, ताकि किसी भी आपात स्थिति में जनहानि और नुकसान से बचा जा सके। मुख्य अग्निशमन अधिकारी बाबूलाल चौधरी ने होटल संचालकों को कहा की अग्नि सुरक्षा मानकों की अवहेलना किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान नियमों की अनदेखी पाए जाने पर संबंधित प्रतिष्ठानों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने होटल संचालकों से सुरक्षा को औपचारिकता नहीं, बल्कि जिम्मेदारी के रूप में लेने का आह्वान किया। बैठक में उपस्थित होटल संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी सभी होटल व्यवसायियों से अग्नि सुरक्षा नियमों की पूर्ण पालना करने, आवश्यक सुरक्षा उपकरण स्थापित रखने तथा अतिथियों और कर्मचारियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की अपील की।

## मानसून से पहले बड़ी तैयारी, एसडीआरएफ के 60 जवानों का जल बचाव प्रशिक्षण शुरू

मेवाड़ जगत



**उदयपुर।** मानसून के दौरान संभावित जल दुर्घटनाओं से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए जिला प्रशासन ने विशेष पहल करते हुए बालाजी तरणताल में राज्य आपदा राहत बल के 60 जवानों के लिए 10 दिवसीय निःशुल्क तैराकी एवं जल बचाव प्रशिक्षण शिविर शुरू किया है। शिविर का शुभारंभ कंपनी कमांडर महेंद्र सिंहए प्लाटून कमांडर रामू राम, भगवती लाल एवं हेड कांस्टेबल कल्याण सिंह की उपस्थिति में हुआ। बालाजी तरणताल की डायरेक्टर डॉ. ऋषिका सुखवाल ने बताया कि उदयपुर झीलों की नगरी होने के कारण मानसून के दौरान जल दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है। हाल के वर्षों में झीलों और जलाशयों में डूबने की घटनाओं को देखते हुए प्रशिक्षित बचाव दलों की आवश्यकता महसूस की गईए जिसके तहत यह प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। शिविर में जवानों को आधुनिक तैराकी तकनीकों, डीप वॉटर रेस्क्यू, लाइफ सेविंग स्किल्स, फ्लोटिंग तकनीक, डूबते व्यक्ति को सुरक्षित बाहर निकालने की विधियां, बचाव उपकरणों के उपयोग तथा आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित प्रतिक्रिया का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण का नेतृत्व मुख्य प्रशिक्षक पियूष सुखवाल कर रहे हैं। एसडीआरएफ के जवानों का नेतृत्व कर रहे महेंद्र सिंह ने कहा कि यह प्रशिक्षण मानसून के दौरान झीलों, नदियों और जलभराव वाले क्षेत्रों में होने वाले बचाव कार्यों में अत्यंत उपयोगी साबित होगा। इससे जवानों की दक्षता और आपदा प्रबंधन क्षमता में वृद्धि होगी। सामाजिक सरोकार के तहत बालाजी तरणताल द्वारा प्रशिक्षणए संसाधन और प्रशिक्षकों की सेवाएं पूर्णतः निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही हैं।

## बारातियों किया पथराव, आधा दर्जन लोग घायल

**उदयपुर।** बारात में आए युवकों द्वारा लड़कियों से अभद्रता करने से मना करने पर नशे में बारातियों ने पथराव कर कुछ लोगों को गंभीर घायल कर दिया। पुलिस के अनुसार रसा पुत्र अणदा कोदरवी निवासी डैया पानरवा ने रिपोर्ट दी कि 9 जून को 5 बजे गांव के मसरू पुत्र लुका गमार के लडकी और लडके के शादी का प्रोग्राम था। इस शादी में मेरे गांव के लोग गए थे तथा जैर गांव से मेहमान आए थे जो मेरे गांव की छोटी लडकियों के साथ बदतमीजी करने की बात को लेकर जैर गांव और इस गांव के लोगो के बीच कहासुनी हो गई थी। इतने में जैर गांव के जयंती पुत्र काना बुम्बडिया, लक्ष्मण पुत्र काना बुम्बडिया, नरेश पुत्र काना बुम्बडिया, अनिल पुत्र काना बुम्बडिया व बंशी पुत्र रमेश बुम्बडिया निवासी जैर शराब के नशे में हर किसी के साथ धक्का मुक्की कर मारपीट करने लगे। यह देखकर उसेक पिता अणदा पुत्र दीता कोदरवी, बंशी पुत्र बदा वेगडिया, लालू पुत्र अरजन बेगडिया ने बीच बचाव की कोशिश की इन लोगो ने अंधाधुंध पत्थर मारने शुरू कर दिए, जिससे मेरे पिता अणदा, बंशी, लालू के पत्थरो से शरीर पर चोटें आई। हल्ला होने पर मुकेश, प्रकाश, सुमन, प्रवीण, ललित आए तो इनके साथ भी पत्थर मारे तो इनके भी चोटे आई। मेरे पिता अणदा, बंशी, लालू के ज्यादा चोट लगने से गांव वाले इनके इलाज के लिए खेड़ब्रह्मा लेकर गए, जहाँ पर इनका इलाज चल रहा है। रिपोर्ट पर पानरवा थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## विद्युत विभाग के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन



मेवाड़ जगत

**उदयपुर।** शहर एवं आसपास के क्षेत्रों में लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती, बार-बार ट्रिपिंग और लो-वोल्टेज की समस्या के विरोध में गुरुवार को शहर जिला कांग्रेस कमेटी ने पटेल सर्किल स्थित अधीक्षण अभियंता कार्यालय पर प्रदर्शन किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अध्यक्ष फतह सिंह राठौड़ के नेतृत्व में विद्युत विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए तत्काल व्यवस्था सुधारने की मांग उठाई। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि भीषण गर्मी के दौर में बिना पूर्व सूचना के बिजली कटौती से आमजन, व्यापारी, विद्यार्थी, किसान और छोटे उद्योग-धंधे प्रभावित हो रहे हैं। शहर के कई इलाकों में दिन-रात ट्रिपिंग और लो-वोल्टेज की समस्या बनी हुई है, जिससे लोगों में भारी नाराजगी है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष फतह सिंह राठौड़ ने कहा कि विभागीय लापरवाही का खामियाजा आम जनता भुगत रही है। बिजली कटौती से पेयजल व्यवस्था, घरेलू कार्य, व्यापारिक गतिविधियां और विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र सुधार नहीं हुआ तो कांग्रेस व्यापक जनआंदोलन करेगी।

## अस्मिता जोनल राष्ट्रीय कैनो स्प्रिंट प्रतियोगिता में जीते 9 पदक

मेवाड़ जगत



**उदयपुर।** अंतरराष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर राजस्थान की बेटियों ने राष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। भारतीय खेल प्राधिकरण एवं भारतीय कयाकिंग एवं केनोइंग संघ के संयुक्त तत्वावधान में छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में 9 से 10 जून 2026 तक आयोजित अस्मिता जोनल राष्ट्रीय (उत्तरी जोन) कैनो स्प्रिंट प्रतियोगिता में राजस्थान की बालिका खिलाड़ियों ने 3 स्वर्ण, 3 रजत और 3 कांस्य सहित कुल 9 पदक जीतकर राज्य और उदयपुर का नाम रोशन किया। राजस्थान कायाकिंग एवं कैनोईंग संघ के सचिव दिलीप सिंह चौहान एवं अध्यक्ष भगवान स्वरूप वैष्णव ने बताया कि खिलाड़ियों ने कठिन परिश्रम, अनुशासन और उत्कृष्ट खेल कौशल का परिचय देते हुए राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उल्लेखनीय सफलता हासिल की। प्रतियोगिता में शगुन कुमावत ने कयाक.1 सब.जूनियर 1000 मीटर और 500 मीटर स्पर्धा में दो स्वर्ण पदक जीतकर राजस्थान की पदक तालिका की शानदार शुरुआत की। वहीं कनिष्का कुमावत और मनस्वी सुखवाल की जोड़ी ने कयाक.2 जूनियर 200 मीटर में स्वर्ण पदक जीतकर टीम को तीसरा स्वर्ण दिलाया। रजत पदकों में कनिष्का कुमावत, शगुन कुमावत, मनस्वी सुखवाल एवं तेजस्वी जोशी की टीम ने कयाक.4 जूनियर 200 मीटर में दूसरा स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा प्रणवी कुमावत, शिवनंदनी कुमावत, निवेदिता सिंह शक्तावत और नायशा पानेरी की टीम ने 1.-4 सब-जूनियर 1000 मीटर तथा काव्या सैनी एवं नायशा पानेरी की जोड़ी ने कयाक- 2 सब-जूनियर 1000 मीटर में रजत पदक जीते। कांस्य पदकों में प्रणवी कुमावत एवं काव्या सैनी की जोड़ी ने कयाक-2 जूनियर 1000 मीटर, कीर्ति टांक ने सीनियर महिला वर्ग कयाक-11000 मीटर तथा प्रणवी कुमावत, नायशा पानेरी, तेजस्वी जोशी एवं काव्या सैनी की टीम ने कयाक-4 जूनियर 500 मीटर स्पर्धा में तीसरा स्थान प्राप्त किया।

## चढ़ोतरा कर घर में घुसकर की मारपीट

मेवाड़ जगत

**उदयपुर।** एक परिवार के सदस्यों ने एक घर पर चढ़ोतरा कर दिया और घर में घुसकर मां-बेटे से मारपीट कर दी। पुलिस के अनुसार शारदा देवी पत्नी वीरम चन्द पारगी निवासी गुरा फलां मथारा कोटडा ने रिपोर्ट दी कि 9 जून को रात्री 8 बजे मेरे घर के ऊपर चढोतरा करके विशेष पुत्र लाडुराम पारगी निवासी मथारा, इसका भाई अशोक, नरेश, वनराज, मां लीला आए और घर के उपर पत्थर फैंके। संभी घर में घुस गए और उसके साथ मारपीट की। उसे उसके पुत्र गोविन्द कुमार ने छुडाया तो अशोक ने गोविन्द कुमार को भी मारा। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# वल्लभनगर में ट्रैफिक जाम से जनता को कब मिलेगी निजात

## अतिक्रमण, अव्यवस्थित पार्किंग और बढ़ते वाहनों से मुख्य बाजार में दिनभर जाम

मेवाड़ जगत

**वल्लभनगर।** उदयपुर जिले के वल्लभनगर कस्बे में बढ़ती यातायात अव्यवस्था अब आमजन के लिए गंभीर समस्या बनती जा रही है। मुख्य बाजार, डांगी चौक, भटेवर रोड सहित कई प्रमुख मार्गों पर दिनभर जाम की स्थिति बनी रहती है, जिससे राहगीरों, व्यापारियों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हालात यह हैं कि थोड़ी सी लापरवाही भी पूरे यातायात तंत्र को प्रभावित कर देती है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि जाम की सबसे बड़ी वजह सड़क किनारे अव्यवस्थित पार्किंग और बढ़ता अतिक्रमण है। कई वाहन चालक दुकानों के सामने ही अपने वाहन खड़े कर देते हैं, जिससे सड़कें संकरी हो जाती हैं और वाहनों की लंबी कतारें लग जाती हैं। बाजार क्षेत्र में दुपहिया और चार पहिया वाहनों की अनियंत्रित आवाजाही



भी समस्या को और बढ़ा रही है। सोशल मीडिया पर भी ट्रैफिक्र अव्यवस्था को लेकर लगातार शिकायतें सामने आ रही हैं। कई बार एम्बुलेंस और अन्य आपातकालीन वाहनों को भी जाम के कारण रास्ता बनाने में कठिनाई का सामना करना पड़ता है। स्थानीय क्षेत्रवासियों का मानना है कि समस्या के समाधान के लिए केवल प्रशासन ही नहीं, बल्कि ट्रैफिक पुलिस, नगर निकाय, व्यापार मंडल और आम नागरिकों को भी अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। नो-पार्किंग क्षेत्रों में सख्ती से कार्रवाई, नियमित चालान, वैकल्पिक पार्किंग व्यवस्था तथा अतिक्रमण हटाने जैसे कदम उठाकर काफी हद तक स्थिति सुधारी जा सकती है। अन्य शहरों में ऐसे प्रयासों के सकारात्मक परिणाम भी देखने को मिले हैं। अब क्षेत्रवासियों का सबसे बड़ा सवाल यही है कि आखिर वल्लभनगर को ट्रैफिक जाम की समस्या से राहत कब मिलेगी? जब तक प्रशासनिक सख्ती के साथ आमजन भी यातायात नियमों का पालन नहीं करेंगे, तब तक इस समस्या का स्थायी समाधान संभव नहीं दिखता। सड़क पर कुछ मिनटों की सुविधा के लिए खड़ा किया गया एक वाहन सैकड़ों लोगों की परेशानी का कारण बन सकता है।

# राजस्थान की पहली पेपरलेस बनी सुखाड़िया यूनिवर्सिटी




मेवाड़ जगत

**उदयपुर।** उदयपुर के मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय अब राजस्थान का पहला ऐसा विश्वविद्यालय बन गया है, जो पूरी तरह पेपरलेस और फाइललेस होने जा रहा है। यहां अब दफ्तरों के सारे सरकारी काम राजस्थान सरकार के राजकाज पोर्टल के जरिए ऑनलाइन होंगे। इस नई व्यवस्था के शुरू होने से अब फाइलों को एक टेबल से दूसरी टेबल तक ले जाने का झंझट खत्म हो जाएगा। चिट्ठी-पत्री से लेकर प्रशासनिक मंजूरी तक का सारा काम अब सीधे कंप्यूटर और मोबाइल स्क्रीन पर डिजिटल तरीके से होगा। इस नई डिजिटल व्यवस्था का गुरुवार को सफल ट्रायल भी कर लिया गया। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. बी.सी. गर्ग ने राजकाज पोर्टल के जरिए कुलपति प्रो. कैलाश डागा को एक टेस्ट मैसेज भेजा। कुलपति ने भी तुरंत इसका ऑनलाइन जवाब देकर सिस्टम को हरी झंडी दे दी।

गुरुवार को इस व्यवस्था का सफल ट्रायल किया गया। कुलसचिव डॉ. बी.सी. गर्ग ने राजकाज पोर्टल के जरिए कुलपति प्रो. कैलाश डागा को टेस्ट संदेश भेजा, जिसका कुलपति ने ऑनलाइन जवाब देकर सिस्टम को स्वीकृति प्रदान की। इसके बाद डॉ. गर्ग ने डिजिटल हस्ताक्षर का उपयोग करते हुए विश्वविद्यालय ऑडिटोरियम की मरम्मत के बजट संबंधी पत्र जिला कलेक्टर को ऑनलाइन प्रेषित किया। विश्वविद्यालय प्रवक्ता डॉ. कुंजन आचार्य ने बताया कि राजकाज पोर्टल के माध्यम से फाइलों की ऑनलाइन निगरानी, पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित होगी। कुलपति प्रो. डागा ने कहा कि इस प्रणाली से समय और कागज दोनों की बचत होगी तथा कार्यों के निष्पादन में तेजी आएगी। फिलहाल यह व्यवस्था मुख्य प्रशासनिक भवन में शुरू की गई है।

# युवाओं को बचाना है तो समाज को मिलकर उठानी होगी जिम्मेदारी

मेवाड़ जगत

**उदयपुर।** बढ़ते नशे के प्रचलन से युवा पीढ़ी को सुरक्षित रखने और समाज में जागरूकता का वातावरण बनाने के उद्देश्य से सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के 'नशा मुक्त भारत अभियान' के तहत एमआईटीएस इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्निकल स्टडीज, सेक्टर-5, हिरणमगरी में एक प्रभावी नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। आरोग्य सेवा संस्थान के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए स्वस्थ और सकारात्मक जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि नशा केवल व्यक्ति की सेहत को ही नहीं, बल्कि परिवार की खुशियों, सामाजिक मूल्यों और राष्ट्र की प्रगति को भी प्रभावित करता है। आज आवश्यकता इस बात की है कि युवा वर्ग सही दिशा में आगे बढ़े और समाज के प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी बने कि वह नशे के खिलाफजनजागरण का हिस्सा बने। आरोग्य सेवा संस्थान के डायरेक्टर नरपत सिंह चौहान ने कहा कि सरकार द्वारा चलाया जा रहा 'नशा मुक्त भारत अभियान' केवल एक सरकारी पहल नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन का आंदोलन है। उन्होंने बताया कि एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (।छज्थ्) नशे के अवैध कारोबार पर लगातार कार्रवाई कर रही है, लेकिन इस बुराई को जड़ से समाप्त करने के लिए समाज की सक्रिय भागीदारी भी उतनी ही आवश्यक है। चौहान ने कहा कि यदि शिक्षण संस्थान, अभिभावक, सामाजिक संगठन और युवा एकजुट होकर जागरूकता फैलाएं तो नशे के खिलाफ मजबूत सामाजिक वातावरण तैयार किया जा सकता है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे स्वयं नशे से दूर रहें और अपने मित्रों व परिवारजनों को भी इसके दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करें। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों और स्टाफ सदस्यों ने नशे से दूर रहने तथा समाज को नशा मुक्त बनाने में सक्रिय योगदान देने की सामूहिक शपथ ली। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने एक स्वस्थ, जागरूक और नशा मुक्त समाज के निर्माण के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प भी व्यक्त किया। यह कार्यक्रम केवल जागरूकता तक सीमित नहीं रहा, बल्कि युवाओं को सामाजिक जिम्मेदारी का बोध कराते हुए उन्हें नशे के खिलाफ एक सशक्त जनआंदोलन का सहभागी बनने का संदेश भी दे गया।



# गोगुन्दा टोल नाके बाईक चालक को टक्कर मारकर कुचलने का प्रयास

**उदयपुर।** गोगुन्दा में टोल बूथ पर एक कार चालक ने एक बाईक को टक्कर मारकर बाईक चालक को कुचलने का प्रयास किया और बाद में अपने साथियों को बुलाकर मारपीट की। पुलिस के अनुसार विमल पालीवाल निवासी गोगुन्दा ने मामला दर्ज करवाया कि 22 मई को रात्रि 12 से 12.30 बजे लेबर के लिए टोल नाका गोगुन्दा साईड खाना लेने के लिए आया तो टोल के बूथ में एक कार जो बूथ गेट पर खडी थी तो प्रार्थी अपनी बाईक को कार के पिछे खड़ी कर खड़ा था। कार चालक ने गाडी को पीछे लिया तो प्रार्थी ने भी अपनी बाईक को पीछ लिया तो कार चालक ने कार को ओर पीछे किया और प्रार्थी को जान से मारने कि नीयत से जोरदार टक्कर मारकर प्रार्थी को बाईक से नीचे गिराकर कुचलने कि कोशिश की। प्रार्थी ने बडी मुश्किल से वहां से हट कर अपनी जान बचाई अन्यथा वह मार देगा। प्रार्थी ने कार का शीशा उतरवाया व इस बारे में बात की तो कार चालक गाडी से उतरते ही प्रार्थी के साथ मारपीट करने लगा। इस व्यक्ति ने अपने गैंग के किसी अन्य व्यक्तियों को फोन कर बुलाया तो दो सफेद कलर व काले कांच की कारो में सवार होकर अन्य लोग वहां पर आए, इन लोगों के पास में भी तलवारे थी। आते ही उन लोगो ने भी मारपीट करने लगे तो प्रार्थी डर से अपनी बाईक को वही छोड्कर वहां से भाग गया। इन लोगो को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। ने अपना नाम अरविंद सिंह सोलंकी व उसके अन्य साथियों ने रात्रि 11.53 से 2 बजे तक प्रार्थी को बाहर आकर जबरदस्ती मिलने व जान से मारने की धमकियां दी। ये लोग उसे निरंतर फोन कर व अन्य लोगो से आधी रात में फोन करवाकर जान से मारने कि धमकियां दे रहे है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# विशाल रक्तदान शिविर, 141 यूनिट रक्त संग्रहित

**उदयपुर।** स्वर्गीय अशोक कुमार जैन की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर रामी रॉयल रिज़ॉर्ट में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। समाज सेवा और मानवता को समर्पित इस शिविर में लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए कुल 141 यूनिट रक्तदान किया। शिविर का आयोजन रामी रॉयल रिज़ॉर्ट के आतिथ्य में तथा हिमालय फोर्स मोटर्स एवं अंकुर मिनरल इंडस्ट्रीज़ के सहयोग से किया गया। रक्तदान शिविर में युवाओं, महिलाओं, व्यापारिक समुदाय और विभिन्न सामाजिक संगठनों के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई। परिजनों ने बताया कि स्वर्गीय अशोक कुमार जैन सदैव सेवाए सहयोग और मानवीय मूल्यों के प्रति समर्पित रहे। उनकी प्रथम पुण्यतिथि पर उनकी स्मृति को सार्थक श्रद्धांजलि अर्पित करने तथा जरूरतमंद मरीजों के जीवन बचाने के उद्देश्य से इस शिविर का आयोजन किया गया।

# भैसों की चोरी, तलाशते हुए मालिक पहुँचे तो चोर छत से कूदा

**उदयपुर।** वल्लभनगर में गांव के तालाब में चरने गई दौ भैंसों और एक पाड़ी को एक युवक चुराकर ले गया। जब मालिक उसके घर पर गए तो आरोपी ने छत से छलांग लगाकर खुद को घायल कर दिया। पुलिस के अनुसार सूरज गुर्जर निवासी नान्दोली खुर्द वल्लभनगर ने रिपोर्ट दी कि 6 जून सुबह उसकी 2 भैंस व एक पाडी को चराने के लिए गाँव के महोदव जी तालाब पर छोड़कर आए थे। शाम को 4 बजे भैसो को देखा तो भैसे नही मिली, जिस पर गाँव मे व आस-पास के गाँव मे व जंगलो मे काफी तलाश किया मगर कोई पता नहीं चला। 9 जून को शंका हुई कि महादेव जी मंदिर के सामने फूल-माला बेचने वाला भैरूलाल पुत्र तुलसीराम प्रजापत निवासी वरणी हाल ताणा आकोला एक दो दिन से मंदिर पर नहीं आ रहा है। शंका पर ताणा उसके घर पर गए तो भैरुलाल घर पर मिला और छत पर चढ कर छलांग लगा दी जो सींमेंट के चद्दरो पर जा कर गिर गया। भैरुलाल ने बताया की वह भैसों को नांदोली से ले आया है और भैसे उसकी रिश्तेदारी में ले जा कर बांध रखी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# चोरी कर खेत में छिपाए गए 55 लाख के जेवरात हुए बरामद

**उदयपुर।** जिले की फलासिया थाना पुलिस ने घर में घुसकर 55 लाख के सोना.चांदी जेवरात और नकदी चोरी के मामले में आरोपियों से चोरी का माल बरामद कर लिया है। चोरों ने ये जेवरात अपने घर के पीछे खाली जमीन में गाड़ रखे थे और कुछ जेवरात खेत में गाड़ दिए थे। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर ये माल बरामद किया। थानाधिकारी फलासिया ने बताया कि 18 मई को शेरसिंह पुत्र भगवत सिंह ने थाने में रिपोर्ट दी थी, जिसमें बताया था कि 17 मई को वह और उनकी पत्नी उदयपुर किसी काम से गए थे। बेटा-बहू घर में ही थे। चोर मौका पाकर रात में पीछे के रास्ते से घर में घुसे। चोरों ने कमरों के ताले तोड़े, अलमारी का लॉकर तोड़ा और सोना-चांदी के जेवरात और नकदी चोरी कर ले गए। सुबह बेटा-बहू के जागने पर चोरी का पता चला। मामले में पुलिस ने आरोपी लक्ष्मण पुत्र थावरा, प्रकाश वडेरा और रमेश वडेरा को जंगलों से गिर तार किया था। चोरी के बाद तीनों आरोपियों ने जेवरात अलग-अलग तीन हिस्से में बांट दिए थे। गिर तारी के बाद पुलिस ने माल बरामदगी के लिए इनसे स ती से पूछताछ की, तो इन्होंने बताया कि उन्होंने जेवरात अपने घर के पीछे खाली जमीन में गाड़ रखे थे और कुछ जेवरात खेत में गाड़ दिए थे। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर ये माल बरामद किया।

# कुएं पर कनेक्शन करवा रहे भाईयों से मारपीट

**उदयपुर।** खैरोदा में कुएं पर विद्युत कनेक्शन के लिए खंभे लगवा रहे दो भाईयों के साथ एक द पति ने मारपीट कर दी। पुलिस के अनुसार राजमल जणवा निवासी खैरोदा ने रिपोर्ट दी कि उसकी जमीन खैरोदा में है । 28 मई को 5.30 बजे के वह अपने कुंए पर बिजली कनेक्शन के लिए गया था एवं बिजली कनेक्शन के लिए अपने हिस्से में मजदूरो के साथ पोल खड़ा कर रहा था तभी वहां पर जगदीश जणवा व उसकी पत्नि संतोष जणवा आए और आते ही मेरे साथ गाली गलोज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। संतोष जणवा ने दांतली से वार किया, जिससे मेरे आँख के नीचे चोट आई। मौके पर मौजूद भाई लक्ष्मीलाल व मजदूरो ने बीच बचाव किया तो जगदीश व सतोष ने मेरे भाई के साथ भी मारपीट की और जान से मारने की धमकियां देने लगे। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# लव मैरिज करने वाली विवाहिता को पति ने घर से निकाला

**उदयपुर।** मावली में लव मैरिज करने के बाद पति और सास ने महिला के साथ मारपीट कर घर से निकाल दिया। पुलिस के अनुसार प्रविणा बानू पत्नी उदयलाल खटीक निवासी चमनपुरा मावली हाल गाडरीयावास मावली ने उदयलाल पुत्र मगनी राम खटीक निवासी चमनपुरा मावली और इसकी मां प्रताबी बाई खटीक के खिलाफ रिपोर्ट दी कि उसने आरोपी के साथ लव मैरीज की थी। आरोपी शराबी है और आए दिन रात को 12-1 बजे घर आता है। जब भी वह अपने पति को शराब छोडने एवं देर रात्री को घर आने पर उलाहना देती तो उसका पति मारपीट करता है। आरोपी ने उसे अपने पिता से 3 लाख रूपए लाकर देने की मांग कर रहा है। उसकी सास प्रताबी बाई व पति उदयलाल दोनों उसे घर से निकाल दिया, जिस पर वह गाडरीयावास पानी की टंन्की के पास किराए पर रह रही है। उसके पति ने उसके नाम पर मकान बनाने के लिये समुह लोन, पर्सनल लोन ले रखे है जिसकी वह किश्ते भी नहीं भर रहा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# सूने मकान से नकदी और जेवरात चोरी

**उदयपुर।** सुखेर में चोरों ने सूने मकान का ताला तोड़कर सोने-चांदी के जेवरात और नकदी चोरी कर ले गए। पुलिस के अनुसार उदयलाल मेघवाल निवासी चित्रकुटनगर भुवाणा ने रिपोर्ट दी कि उसके घर 6 जून से 7 जून के बीच अज्ञात चोरों ने मकान का ताला तोडकर अंदर से अलमारी तोडकर सोना-चांदी के जेवरात और नकदी चोरी कर ले गए। रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# महिला के सोने-चांदी के जेवरात और नकदी हड़पी, पुलिस ने किया मामला दर्ज

**उदयपुर।** सायरा में एक महिला के रिश्तेदारों ने ही सोने-चांदी के सारे जेवरात और नकदी हड़प लिए। पुलिस के अनुसार धूलीबाई पत्नी जेतसिंह निवासी केलबो की भागल करदा सायरा ने विजय सिंह पुत्र भवानी सिंह निवासी पाटलो की भागल करदा सायरा, कालू सिंह पुत्र नंदासिंह निवासी वागडा गोगुन्दा, किशन सिंह पुत्र रूपसिंह निवासी ओबराकलां गोगुन्दा, हेमसिंह पुत्र चेन सिंह निवासी पुनावली सायरा, नानसिंह पुत्र अनारसिंह निवासी फुटडा करदा सायरा के खिलाफ रिपोर्ट दी कि प्रार्थीया के माता-पिता की मृत्यु हो चुकी हैं। उसके पिता की मौत के बाद माता-पिता के सोने व चांदी के जेवरात जैसे चांदी के 4.5 किलो चांदी और सोने की नथ, 2 मदलिया, 1 तोला कान की मुरकी, 2 बोर, 4 कान के गाला, 50 हजार रूपए नकद गांव व समाज के मौतबीरों के सामने आरोपी विजय सिंह को सुपुर्द किए थे। प्रार्थिया के बडे पापा वरदी सिंह की मौत हो गई थी तो उनके कियाक्रम के बाद ये सभी जेवरात और रूपये प्रार्थीया को देना तय किया था। प्रार्थीया व गांव के मौतबिरो ने विजय सिंह से जेवरात और रूपये मांगे तो उसने देने से मना कर दिया। आरोपी सभी एक-दूसरे के पास होने का बहाना बनाकर सारे जेवरात हड़प लिए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।